
इंदिरा कॉलोनी भुआबिछिया की जगदम्बा


ब्लॉक रोड भुआबिछिया की माता रानी


रेस्टहाउस रोड भुआबिछिया की त्रिमुखी माता


वेयरहाऊस भुआबिछिया की माता महारानी

## घुघरी के आनंद कृष्ण आश्रम में हुआ भव्य आयोजन

# 101 कलश एवं जवारे बने आकर्षण का केंद्र





*** मनचाहा वर देती हैं खेर दाई माता एवं दुर्गा माँ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/घुघरी

आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला जब आनंद कृष्ण आश्रम में खेर दाई माता एवं दुर्गा माँ की भव्य पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ। नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्रभर से श्रद्धालु पहुंचे और माता के दरबार में मनचाहे वरदान की कामना की। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि खेर दाई माता एवं दुर्गा माँ सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी करती हैं।

इस आयोजन की सबसे बड़ी झलक 101 कलश स्थापना एवं हरियाली से सजे जवारे रहे, जो पूरे अनुष्ठान का मुख्य आकर्षण बने। कलशों की पंक्ति में सजीव दिव्यता का अनुभव हुआ तो जवारे की हरियाली ने वातावरण को और भी पावन और ऊर्जावान बना दिया।

### अष्टमी पर भक्तों का सैलाब

नवरात्र की अष्टमी तिथि पर सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। माता के दर्शन के लिए दूर-दराज़ से श्रद्धालु अपने परिवारों के साथ पहुंचे। कतार में महिलाएं सिर पर चुनरी, थाल में नारियल, पुष्प और मिठाई लिए खड़ी रहीं, वहीं बच्चों और बुजुर्गों में भी माता के दर्शन को लेकर गजब का उत्साह दिखाई दिया। जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा और भक्तों ने माता से मनोकामना पूरी करने की प्रार्थना की।

### भक्ति और संस्कृति का संगम

आनंद कृष्ण आश्रम में दिनभर भजन-कीर्तन और देवी गुणगान होता रहा। भजन मंडलियों ने मां की महिमा का गान किया, तो बच्चों और महिलाओं ने पारंपरिक गरबा व देवी गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर पारंपरिक नृत्य किया, तो पुरुष श्रद्धालु ढोल-मांदल की थाप पर माता का गुणगान कर रहे थे।

### धर्म और समाज सेवा का मेल

आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की विशेष व्यवस्था की गई। प्रसाद स्वरूप पूड़ी-सब्जी, खीर और हलवा बांटा गया। सेवा कार्य में आश्रम के साधु-संत और स्वयंसेवक जुटे रहे।

आनंद कृष्ण आश्रम में खेर दाई माता एवं दुर्गा माँ की पूजा-अर्चना ने श्रद्धालुओं को गहरी आस्था और भक्ति का अनुभव कराया। 101 कलश और जवारे इस आयोजन का विशेष आकर्षण रहे, वहीं अष्टमी के दिन सुबह से ही लगी भक्तों की कतार ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया।




पंचायत परिसर आमानाला की माता रानी


सिंहवाहिनी मंच भुआबिछिया माता रानी


भड़ंगाटोला भुआबिछिया की माता जगदम्बा

# माता दुर्गा की भक्ति भाव में डूबा नगर, सभी पंडालों में हुई अष्टमी पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

नगर सहित पूरे छेत्र में धूमधाम हर्ष उल्लाह से शारदेय नवरात्रि की धूम चल रही है आज अष्टमी के दिन देवी महा गोरी की पूजन सभी ने विधिविधान से हवन पूजन के साथ नगर के खेरमाई मंदिर में अठवाई चढ़कर की गई देवी मंदिरों में आज सुबह से लेकर शाम तक भक्ति भाव के साथ पूजन का दौर चलता रहा।

### पूरा नगर भक्ति भाव से सराबोर है

मंदिरों और पंडालों में पंडितों के मंत्रोपचार के साथ महा अष्टमी में हवन पूजन चलता रहा पूजन अर्चन हवन आरती का दौर चला इस बार माता रानी के आने से पूर्व पूरा नगर बाजार चौक चौराहों मंदिरों में जगमग रोशनी से जगमगा रहा इस वर्ष पूरे नगर में विभिन्न स्थानों में माता दुर्गा पंडालों में विराजमान है।

### अनेक स्थानों में विराज मान है माता

बड़ी बिछिया खेरमाई मंच, वियर हाउस मंच, रेस्ट हाउस रोड मंच, बस स्टेड यात्री प्रतीक्षालय मंच, मुक्तिमार्ग मंच में मां महाकाली की स्थापना, भूआ शिवहरे कम्प्लेक्स ,ब्लाक रोड दुर्गोत्सव मंच, जतीपुर दुर्गा मंच वार्ड नंबर 10 बिनोद रंग मंच खेरमाई माता मंदिर बंजारी माता मन्दिर चरराटोला मंच भड़ंगाटोला निवसा रोड , इंद्रा कालोनी सहित नगर सहित आस पास के वार्डो ग्रामों में माता रानी विराजमान है, इन सब के अलावा बिनोद रंग मंच माता भुनेश्वरी,माता खेरमाई भूआ, राजराजेश्वरी मंदिर रेंज, में स्थापित प्रतिमाएं विराजमान हैं जहां रोज इतनी बारिश के बाद भी देर रात तक भजन कीर्तन जस गरबा के साथ साथ बाहर से भजन गायक आकर समां बांध रहे हैं आज सभी जगह अष्टमी हवन पूजा की गई,

### इस वर्ष नहीं हुआ रामलीला का मंचन

इस वर्ष बिनोद रंग मंच अत्यधिक बारिश के कारण सूना रहा लम्बे अंतराल के बाद रामलीला का मंचन जो प्रति वर्ष स्थानीय कलाकारों द्वारा किया जाता था इस वर्ष नहीं होने से आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में दूरदराज से रामलीला देखने आते थे उन्हें माता जी के दर्शन कर वापस लौटना पड़ा सन 1955 से स्थानीय कलाकारों सजी यह रामलीला सन 2025 तक लगा तर उन्हतर वर्षों में अपवाद कभी विशेष परिस्थिति नहीं हुई हो मगर , इस वर्ष रामलीला का नहीं होना कोई विशेष परिस्थिति हो सकती हैं।

## 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर रंगरेज घाट में आयोजन

**मण्डला।** 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जी की जयंती प्रातः 10 बजे रंगरेज घाट में मनाई जायेगी। प्रभारी अधिकारी कृते कलेक्टर ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री गजानंद नाफड़े को जयंती की संपूर्ण व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने निर्देशित किया है कि रंगरेज घाट गांधी मैदान में साफ-सफाई, बैठक, माईक, टेंट, स्वच्छ जल, कुर्सी, बैनर आदि की व्यवस्था की जाए।

# स्कूल मार्ग पर आवारा तत्वों का बढ़ता आतंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



नगर के हायर सेकंडरी स्कूल क्रमांक-2 और एसपी ऑफिस के बीच से होकर जाने वाली सड़क, जो वन विभाग के क्वार्टर्स से होती हुई बालिका छात्रावास एवं सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग कार्यालय की ओर जाती है, इन दिनों गंभीर सामाजिक समस्याओं का केंद्र बन गई है।

इस मार्ग से प्रतिदिन छात्रावास की दर्जनों छात्राएं स्कूल आने-जाने के लिए गुजरती हैं, किंतु यह सड़क सुनसान होने के कारण असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का अड्डा बन गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, अक्सर कुछ आवारा युवक यहां छात्राओं पर छींटाकशी करते नजर आते हैं, जिससे छात्राओं में भय का माहौल बना हुआ है।

इतना ही नहीं, दोपहर के समय इसी मार्ग पर अक्सर स्कूल व कॉलेज के लड़के-लड़कियां जोड़े में बैठकर आपस में प्रेमालाप करते देखे जाते हैं। ये किशोर-किशोरियां किसी न किसी स्कूल या शिक्षण संस्थान से जुड़े होते हैं, जिन्हें उनके अभिभावक शिक्षा ग्रहण करने के उद्देश्य से भेजते हैं। लेकिन ये युवा प्रेम-प्रसंगों में पड़कर अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और अभिभावकों के विश्वास को ठेस पहुँचा रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों एवं अभिभावकों ने मांग की है कि पुलिस विभाग इस मार्ग पर नियमित गश्त और निगरानी की व्यवस्था करे, साथ ही चिन्हित स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। यदि प्रशासन द्वारा समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो यह स्थान अपराधों की जन्मस्थली बन सकता है।

समाजसेवियों का कहना है कि ऐसे युवाओं को समय रहते सही दिशा देना जरूरी है। इसके लिए पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग और सामाजिक संगठनों को मिलकर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाना चाहिए, ताकि ये बच्चे भटकाव से बचकर एक उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें।

### *इनका कहना है :-*

*इस क्षेत्र में नियमित रूप से पुलिस पेट्रोलिंग की जाती है। इसके बावजूद यदि इस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही हैं, तो पेट्रोलिंग को और अधिक सघन किया जाएगा। साथ ही, शांति भंग करने वाले एवं आवारा तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

***– शफीक खान, टीआई, मण्डला***


कॉम्प्लेक्स भुआ की अलौकिक माता महारानी


जंतीपुर भुआबिछिया की अष्टभुजा मातारानी


विनोद रंगमंच भुआबिछिया की मनोहारी माता


बस स्टेण्ड भुआबिछिया की महारानी


बंजारी माता भुआबिछिया की मनोहारी प्रतिमा


मुक्ति मार्ग भुआबिछिया की माता महाकाली

# नवरात्र पर्व में पंडालों में विराजी माँ जगत जननी


गाडरवारा। थलवाडा में स्थापित प्रतिमा।


बारहाबड़ा के मरई माता की प्रतिमा


बजरंग बाटिका में स्थापित प्रतिमा


कामर्थ वार्ड शक्ति धाम में स्थापित प्रतिमा।


एमपीईबी कालोनी में स्थापित प्रतिमा।


राधा बल्लभ वार्ड में स्थापित प्रतिमा


शुक्रवारा बाजार में स्थापित प्रतिमा।


भामा वार्ड शंकर मंदिर के सामने स्थापित प्रतिमा।


नई गल्ला मंडी में स्थापित प्रतिमा।


बारहाबड़ा लोधी पुरा में स्थापित प्रतिमा


बारहाबड़ा विश्वकर्मा मुहल्ला स्थापित प्रतिमा


दुरसरू में स्थापित प्रतिमा।

## खबर संक्षेप



### सूखाखैरी में प्रतिमा बना आकर्षण केन्द्र, भक्तों की उमड़ रही भीड़

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** चल रहे शारदेय नवरात्र के दौरान मातारानी की आराधना की धूम बची हुई देखी जा रहा है। शहर से लेकर गांवों में जहां देवी दर्शनों के लिये भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर देवी की प्रतिमाओं की स्थापना के दौरान जिस तरह झांकियों को सजावट दी जा रही है उसके चलते चारो ओर धार्मिक महौल दिखाई देने से नही चूक रहा है। इसी प्रकार से समीपस्थ सूखाखैरी संपूर्ण गांव के साथ साथ आसपास का क्षेत्र भी पूर्णरूप से माँ जगत जननीमय होते हुये नजर आ रहा है। क्योंकि यहां पर जिस तरह अपना हाथ उठाते हुये भक्तों को आर्शीवाद प्रदान करने वाली प्रतिमा की स्थापना की गई वही संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनने के साथ साथ क्षेत्र के लोग मातारानी की एक झलक पाने के लिये ललायित होते हुये देखे जा रहे है। क्योंकि माँ जगत जननी की भक्ति में लीन रह व्यक्ति की कामना होती है कि उसे माँ अपना हाथ उठाते हुये आर्शीवद प्रदान करे। इसी प्रकार की सच्चाई इस वर्ष सूखाखैरी में स्थापित की गई प्रतिमा में देखने मिल रही है। वही राज दरबार सूखाखैरी में देवी करूण प्रिया द्वारा प्रतिदिन श्रीमद भागवत कथा के माध्यम से जिस तरह प्रभु की लीलाओं का वर्णन सुनाते हुये भक्ति की अमृत वर्षा की जा रही है उसके चलते लगातार पंडाल की बढ़ोत्तरी किये जाने के बाद जगह कम होती चली जा रही है।

### नवरात्र के मौके पर दिया पर्यावरण की रक्षा का संदेश

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय चल रहे शारदेय नवरात्र के दौरान हो रही बेमौसम वारिश का परिणाम है कि जिस तरह पर्यावरण के साथ खिलबाड़ की जा रही है उसके चलते प्रकृति का संतुलन लगातार बिगड़ रहा है। प्रकृति द्वारा निर्धारित किये गये बारिश, ठंड व गर्मी मौसम में बदलाव देखने मिलना शुरू हो गया है। यदि इसी प्रकार से धरती पर लगे हुये पेड़ो की कटाई का क्रम जारी रहा तो आने वाले भविष्य दुखदाई साबित होने से नही चूकेगा। इसी बात को ध्यान में रखते हुये विजय कालोनी दुर्गा समित द्वासरा दुर्गा उत्सव के दौरान पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये आमजन को पौधा रोपण के लिये जगारूक किया गया। ज्ञात हो कि माई की महापंचायत के माध्यम से अनुविभागीय दंडाधिकारी श्रीमती कलावती ब्यारे के आव्हान पर नवरात्रि पर्व के दौरन हर समिति एक पौधा मां जगत जननी के नाम पर रोपित करने की अपेक्षा जताई गई थी। इसी के चलते बीते हुये दिवस नगर के विजय कालोनी समिति द्वारा जहां माँ जगत जजनी के समक्ष पौधा रोपण करते हुये लोगों को पर्यावरण के लिये जागरूक किया गया। इसी प्रकार से नगर के पुरानी गल्ला मंडी जय स्तंभ के पीछे नव शक्ति दुर्गा उत्सव समिति द्वारा सभी सदस्यों की उपस्थिति में पौधे का ड्रम में रोपण किया गया

# मातारानी की विदाई बेला में आई नवरात्र पर्व की हलचल, भक्तों ने अष्टमी पर कुल देवताओं सहित जगत जननी का किया पूजन, आज नवमीं पर मंदिरों में उमड़ेगा सैलाब









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

इस वर्ष नवरात्र के दौरान जिस तरह लोगों में उत्सव का महौल देखने मिल रहा है और चारों ओर मातारानी की आरधना में भक्त लीन नजर आ रहे है। क्योंकि बीते हुये पंचमी व छटवी के मौके पर हुई बे मौसम बारिश के चलते मातारानी के दर्शनों को लेकर भक्तो को मायूस होना पड़ा था। मगर सोमवार सप्तमी बेला पर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि भक्त कोई कसर नही छोड़ना चाह रहे है और इसी का परिणाम है कि रात के समय देवी दर्शन करने के लिये उमड़ने वाली भीड़ का नजारा रात तीन बजे तक सड़को पर देखने मिल रहा है। रात के समय शहर की हलचलों को विराम जब लगा तब पुलिस कर्मी खुद ही दुकानों को बंद कराते हुये देखे गये। बीते हुये 22 सितम्बर से शुरू हुई शारदेय नवरात्र पर्व की धूम अब बिदाई बेला पर पहुंच चुकी है। इस प्रकार से ममतामयी, करूणामयी माँ दुर्गा के आराधना पर्व शारदेय नवरात्र की हलचले अब जहां समाप्ति की ओर होने से अंतिम दो दिन यानि की कल अष्टमी और आज नवमी पर धर्ममय हुए शहर की सड़कों पर देवी दर्शन करने वाले भक्तों का जिस प्रकार से हुजूम उमड़ते हुए देखा गया शायद ही उनकी कोई जितनी सेवा, दर्शन व पूजन आराधना कर पाया हो? क्योंकि हिन्दू धर्मावलंबिी माताएं, बहिनों व पुरूष तथा बच्चें जहां मातारानी की भक्ति में लीन हुए दिखाई दे रहे थें। वही अंतिम दिवस यानि की मातारानी की बिदाई बेला पर उनके दर्शन करने के लि पूर्णरूप से आतुर नजर आ रहे है। वही दूसरी ओर देवालयों, दुर्गा पंडालों में विद्युत मालाओं की सजावट से रात में जहां संपूर्ण नगर श्रद्धा के प्रकाश से नहाया हुआ नजर आ रहा है तो भक्तों द्वारा भी शारदेय नवरात्र पर्व को उत्साह से मनाने की शुरूआत सुबह से ही कर देते है जिसके चलते देवी भक्तों को देखा जा रहा है कि वह सुबह देवी मंदिरों में मातारानी को जल ढारने के लिए निकल पड़ते है। नगर के सभी देवी मंदिरों में सुबह की बेला से ही भीड़ का आलम देखने मिल रहा है। नवरात्र के दौरान अपने घरों में भी देवी भगतती की पूजा, अर्चना लगातार हो रही है और रात्रि में जगह जगह बिराजी माँ भवानी की दिव्य प्रतिमाओं के दर्शन कर लोग मातारानी की महाआरती में शामिल होने के लिए भक्तों का जनसैलाब सड़कों पर उमड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। क्योंकि नगर में जहां तहां पंडालों में स्थापित की गई प्रतिमाओं की सुन्दरता को लेकर लोग मग्न मुंग्ध होने से नही चूक रहे है तो समीपस्थ सालीचौका के ग्राम सहावन में पलक झपकाते हुये मनोरम मातारानी की प्रतिमा संपूर्ण क्षेत्र में आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है और वहां पर प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में भक्त पहुंचकर माँ अम्बे रानी के दर्शन करते हुये देखे जा रहे है। इस प्रकार से शारदेय नवरात्र पर्व की सप्तमी तथा अष्टमी के मौके पर जहां लोगों के घरों व देबी दरबारों में कन्या भोज के आयोजन होते हुये देखे गये जो आज नवमी तक लगातार जारी रहेगे। वही देवी दरबारों में मातारानी को प्रसन्न करने के लिए लोगों द्वारा अनेक प्रकार के अनुष्ठान किये जा रहे है। वही बताया जाता है कि नगर की रक्षक माँ खेरापति के मंदिर में मातारानी की पूजन, आरती करने वाले श्रद्धालुओं की सुबह शाम अधिक भीड़ लगते हुए देखी जा रही है। जहां पर माताएं बहिनें व व्रतधारी पुरूष माँ खेरापति को सुगंधित द्रव्य, फल, फूल, पंचामृत अर्पित कर उनकी विधि विधान के साथ पूजर कर मातारानी से अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने की प्रार्थना करते हुए देखे जा रहे है। वही अश्विन शुक्ल पक्ष की अष्टमी पर कल मंगलवार को लोगो ने अपने घरों में शीतलता देने वाले चंद्र और शंख के वर्ण वाली माँ महागौरी माता की हिन्दू धर्मावलंबियों ने श्रद्वाभाव के साथ पूजा, अर्चना की गई तथा माँ भगवती को चने, पूरी और खीर, हलुआ का भोग लगा जहां पर लोगों ने माँ महागौरी का आशीष प्राप्त किया। क्योंकि माँ दुर्गा के आठवे स्वरूप को महागौरी कहा जाता है। दुर्गा अष्टमी के दिन माँ महागौरी की पूजा आराधना की जाती है। पौराणिक कथा के अनुसार माँ शक्ति ने भगवान शिवजी को पति के रूप में पाने के लिये कठिन तपस्या की थी जिसके कारण इनका शरीर काला पड़ गया था और भगवान शिवजी ने प्रसन्न होकर माँ शक्ति को गौरवर्ण प्रदान किया गया था इसलिय माँ गौरी कहलाई और इस दिन माँ श्वेत वस्त्र, आभूषण धारण करती है। इस दिवस माँ गौरी को पूजन करने से पूर्वसंचित पापकर्म नष्ट हो जाते है और अमोघ फल दायिनी है और अपने भक्तों का कल्याण करती है। इस प्रकार से दुर्गाष्टमी की शुभ बेला में लोगो ने अपने घरों में कुल देवताओं की भी पूजन की गई। वही अष्टमी के अवसर पर नगर के देवी मंदिरों व दुर्गा पंडालो में शक्ति की अधिष्ठात्री देवी माँ दुर्गा के महागौरी रूप की विशेष पूजन व महाआरती कर भक्तों को प्रसाद विरतण किया गया। गौरतलब है कि आज बुधवार को दुर्गा नवमी को शारदेय नवरात्र की विशेष पूजा, हवन सहित अन्य आयोजन संपन्न होगे और मातारानी की बंदना के स्वरों से शहर गूंज उठेगा तथा दूसरी ओर कल मातारानी की विदाई के मौके पर एक वर्ष के लिए मातारानी से बिछड़ने से नगरवासियों को दुखित होते हुए देखा जावेगा। इस प्रकार से देखा जावे तो नवरात्र की विदाई बेला के चलते माता रानी से बिछड़ने की दुख से भक्तों को दुखी देखा जा रहा है। इसी के चलते आज दुर्गा नवमी के चलते देवी मंदिरों में पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जावेगी, वही जो महिलाएं बीते हुये नौ दिन से व्रत रखते हुये माँ अम्बें की भक्ति में लीन थी वह आज सुबह ही नगर की बड़ी माता खेरापति मंदिर पहुंचकर माँ खेरापति की पूजन करते हुये नगर व अपने परिवार की सुख शांति के लिये कामना करेगी।

## नवरात्र की धूम के बाद अब विसर्जन की तैयारियों में जुटी प्रशासन की टीम, नपा अध्यक्ष ने कुंड का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

नवरात्र पर्व समाप्ति की ओर पहुंचने के चलते अब नगर पालिका सहित प्रशासन की टीम अब प्रतिमाओं के विजर्सन की तैयारियों में जुटते हुये दिखाई देने लगी है। क्योंकि आज दुर्गा नमवी के मौके पर नगर सहित क्षेत्र के गांवों में स्थापित मातरानी के पंडालों में आज रात से हवन पूजन होने की शुरूआत हो जावेगी। वही कल गुरूवार को दशहरा के मौके पर प्रतितामाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू होने की शुरूआत होगी तो लगातार तीन दिन तक जारी



रहने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। इस तरह नगर सहित क्षेत्र के गांवों में स्थापित होने वाली प्रतिमाओं को नगर पालिका द्वारा शहर की जीवन रेखा शक्कर नदी में बनाये जाने वाले विसर्जन कुंड में होता है। इस तरह नगर पालिका प्रशासन की टीम द्वारा शक्कर नदी में विसर्जन कुंड के निर्माण की शुरूआत कर दी गई। इस तरह विजर्सन कुंड में किसी तरह से कोई गड़बड़ी न हो इस बात को ध्यान में रखते हुये नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा खुद ही निरीक्षण करते हुये देखे जा रहे है। क्योंकि विसर्जन के दौरान उमड़ने वाली भक्तों की भीड़ को ध्यान में रखते हुये विसर्जन स्थल पर जरूरी व्यवस्थाये बनाई जा रही है।

## मूंग का भुगतान होने पर किसानों ने आक्रोश व्यक्त करते हूये आंदोलन की चेतावनी देते हूये सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

चारों ओर मुश्बिलों से घिरे हुये किसान के सामने जिस तरह लगातार समस्या खड़ी होते हुये देखी जा रही है उसके चलते वह टूटने के लिये मजबूर होने से नही चूक रहा है। क्योंकि इस समय हो रही बेमौसम बारिश के चलते किसानों के खेतों में खड़ी हुई सोयाबीन, धान सहित गन्ना फसल में जहां अनेक प्रकार की बीमारियाँ लगाते हुये देखी जा रही है। वही दूसरी ओर लगभग दो माह पहले बड़ी मुश्किलों के बीच शासन द्वारा गर्मी सीजन में पैदा होने वाली मूंग को समर्थन मूल्य पर खरीद तो लिया गया है। मगर अनेक किसानों का भुगतान नही किये जाने के कारण अन्नदाता को परेशान होने के साथ कर्जदार बनते हुये देखा जा रहा है। इस



तरह अपने मूंग का भुगतान नही होने के चलते परेशान किसानों का कहना है कि अनेक किसानों का मूंग भुगतान शासन द्वारा कर दिया गया है। मगर कुछ इस तरह के बेयर हाऊस है जिनको लेकर बेयर हाऊसों से संबंधित अधिकारियों द्वारा समय पर अपना निकार्ड दर्ज करने में की गई देरी का परिणाम किसानों को भोगने के लिये मजबूर किया जा रहा है। वही जन चर्चाओं के दौरान किसानों द्वारा कुछ बेयर हाऊसों का भुगतान रूकरने को लेकर लक्ष्मी की कृपा दृष्टि का आरोप लगाते हुये सुना जा रहा है..? इस तरह परेशान किसानों द्वारा बीते हुये मंगलवार को नगर के पलोटन गंज में एकत्र होते हुये राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ मध्यप्रदेश के बेनर को लेकर तहसील कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुये एसडीएम के नाम तहसीलदार प्रियंका नेताम को ज्ञापन सौपा गया। इस तरह अन्नदाताओं द्वारा सौपे गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी गई मूंग का शीघ्र भुगतान किया जावे तथा देरी होने पर ब्याज दिया जावे। वही लगातार बेमौसम हुई अधिक बारिश के चलते खराब हुई फसलों की जांच करते हुये उनका सर्वे करते हुये क्षतिपूर्ति प्रदान की जावे। वही दूसरी ओर बिजली विभाग द्वारा बगैर किसी आधार के किसानों पर फर्जी मामले दर्ज किये जा रहे है उस पर अंकुश लगाया जावे। यदि समय रहते हुये किसानों की समस्याओं का निराकरण नही होता है कि राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ किसानों के हितों को लेकर उग्र आंदोलन के लिये मजबूर होगा जिसकी जिम्मेंदारी शासन प्रशासन की होगी।

## नवरात्र के अष्टम दिवस भक्तों ने माँ महागौरी के प्राकट्य स्वरूप का पूजन करते हुये माँगा खुशहाली का वरदान

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** वैसे से नवरात्र के दौरान नौ दिन ही माँ भगवती की आराधना के लिये प्रमुख माने जाते है। मगर इन नौ दिनों में माता रानी के अलग अलग स्वरूप देखने मिलते है जिसमें हे माँ महागौरी,नवरात्र के अष्टम दिवस पर भक्तगण उनके दिव्य प्राकट्य का ध्यान करते है। बताया जाता है कि तप और कठोर साधना से तप्त हुई माँ शिव की कृपा से गौरवर्णा बनीं और महागौरी नाम से पूजित हुईं। माँ भगवती का यह स्वरूप अवतरण ही है बल्कि पवित्रता का संदेश देते हुये उनका स्वरूप ही है, भक्ति का प्रमाण। इसलिये भक्त इस दिवस माँ से प्रार्थना काते है कि हे श्वेतवर्णा देवी, आपका रूप पूर्णिमा की चाँदनी-सा निर्मल, आपका आभा मंडल में शांति का विस्तार और आपके श्वेत वस्त्र और आभूषण संसार को यह बताते हैं कि पवित्रता ही सबसे बड़ा आभूषण है। आपकी चार भुजाएँ त्रिशूल, डमरू, वरमुद्रा और अभय से सुसज्जित, आपके करुणा से भरे नेत्र हम भक्तों के संशय को तुरंत हर लेते हैं। आपका वाहन बैल धैर्य, स्थिरता और निष्ठा का प्रतीक है। हे माँ आपके स्वरूप का स्मरण करते ही हमारा हृदय निर्मल हो उठता है। आपकी आराधना में नारियल और गुड़, हलवा और श्वेत पुष्प अर्पित करते है। पर हम भक्तगण जानते है कि माँ आपका सच्चा



भोग है हमारा शुद्ध मन, आपका प्रिय उपहार है हमारा सरल जीवन। हे करुणामयी, आपकी कृपा से पापों का शमन होता है, आपके चरणों में दुःख और कष्ट मिट जाते हैं। जो आपके व्रत का पालन करता है, उसे वैवाहिक सुख और पारिवारिक समृद्धि मिलती है,और जो आत्मा की मुक्ति चाहता है, उसे मोक्ष का मार्ग सहज उपलब्ध होता है। आज जब संसार ईर्ष्या, लालच और अशांति से घिरा है, तब आपका व्रत सबसे प्रासंगिक है। हे भगवती आपकी उपासना मुझे सिखाती है कि भीतर की श्वेतता ही सच्चे सुख का मार्ग है। हे माँ महागौरी,आपके चरणों में यही प्रार्थना है कि हमारा मन निर्मल कर दो, मुझे धैर्य और शांति प्रदान करो, हमें सरल और सहनशील बना दो। आपकी श्वेत आभा से हम भक्तों का जीवन उज्ज्वल कर दे। आपकी कृपा से हमारे हर दिन धर्म और करुणा से भरा हो और हमारी आत्मा आपके आशीष से मोक्ष की ओर बढ़े। हे माँ महागौरी, आपकी आराधना के बगैर हमारा बिना जीवन शून्य है। आपके आर्शीवाद के साथ ही जीवन पूर्ण है। इस तरह कल मंगलवार को नवरात्र के अष्टम दिवस भक्तों ने माँ महागौरी के स्वरूप का पूजन करते हुये खुशी प्रसन्नता जाहिर की गई।

## शहपुरा नगर में विराजमान माता









### खबर संक्षेप

### जिला पंचायत में फेरबदल, सीईओ और चार अधिकारी नए दायित्वों पर

**डिंडौरी।** जिला पंचायत डिंडौरी में प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर कार्यालय द्वारा सोमवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के वित्तीय व प्रशासकीय प्रभार में बदलाव के साथ ही चार अधिकारियों को नए दायित्व भी सौंपे गए हैं।मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के प्रभार इस प्रकार रहेंगे –जनपद पंचायत मेंहदवानी व शाहपुरा का वित्तीय एवं प्रशासकीय प्रभार सीईओ प्रमोद कुमार ओझा के पास रहेगा।जनपद पंचायत डिंडौरी, अमरपुर व करंजिया का दायित्व सीईओ लोकेश नारनोरे को सौंपा गया है।जनपद पंचायत समनापुर व बजाग का प्रभार सीईओ जतिन ठाकुर के पास रहेगा।जनपद पंचायत करंजिया का प्रशासनिक प्रभार डिप्टी कलेक्टर (परिविक्षाधीन) अक्षय डिगरसे को सौंपा गया है।

**चार अधिकारियों को नए दायित्व** –परियोजना अधिकारी सी.एस. सिंह को जनपद पंचायत मेंहदवानी का कार्य सौंपा गया।सहायक परियोजना अधिकारी रामजीवन वर्मा को एमडीएम एवं सीएम हेल्पलाइन जिला पंचायत डिंडौरी की जिम्मेदारी दी गई।क्वालिटी मॉनिटर आनंद मौर्या को जनपद पंचायत शहपुरा में संलग्न किया गया।उपयंत्री पवन कुमार पटेल को जिला पंचायत डिंडौरी में पदस्थ किया गया।कलेक्टर कार्यालय द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह प्रशासनिक व्यवस्था आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी।

### शिक्षक भर्ती में अनियमितता बरतने वाले प्राचार्य को नोटिस जारी



**डिंडौरी।** विकास खंड समनापुर अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई में अतिथि शिक्षक भर्ती में अनियमितता बरतने वाली प्रभारी प्राचार्य को विकासखंड शिक्षा अधिकारी समनापुर ने नोटिस जारी कर दो दिवस में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देष दिये हैं। जारी सूचना पत्र में उल्लेख किया गया है, कि प्रभारी प्राचार्य द्वारा वर्ष 2024-25 में विज्ञान वर्ग 02 के अतिथि शिक्षकों के होते हुये प्राचार्य द्वारा सत्र 2025-26 के लिये पूर्व से कार्यरत अतिथि शिक्षकों को आमंत्रित करने के स्थान पर नया विज्ञापन जारी कर विज्ञान वर्ग 02 के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया। जो कि शासन के अतिथि शिक्षक भर्ती नियमों के विरुद्ध है। यह भी उल्लेख किया गया है, कि विज्ञान वर्ग 02 के लिये जारी विज्ञापन एवं चयन प्रक्रिया को निरस्त करते हुये अतिथि शिक्षक चयन संबंधित शासन के निर्देषानुसार पूर्व से कार्यरत अतिथि शिक्षक विज्ञान वर्ग 02 को आमंत्रित करते हुये पालन प्रतिवेदन इस कार्यालय को प्रस्तुत करें। गौरतलब है, कि अतिथि शिक्षक मुकेश कुमार खांडे ने विगत दिवस कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत करते हुये लेख किया था कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई में 16 सितम्बर 2021 से 09 सितम्बर 2025 तक अतिथि शिक्षक के तौर पर शाला में अध्यापन कार्य कराते चला आ रहा हूॅं। बावजूद इसके प्रभारी प्राचार्य द्वारा मनमाने तौर पर अन्य अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति कर ली गई है। इस बावद आवेदक द्वारा कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी समनापुर को भी षिकायत प्रस्तुत की गई थी इसके साथ ही कलेक्टर कार्यालय में भी आवेदन दिया गया था। आवेदक ने मांग किया था कि प्रभारी प्राचार्य द्वारा मनमाने तौर पर अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति कर मुझे सेवा से वंचित किया गया है। नियुक्त अतिथि षिक्षक की सेवा समाप्त करते हुये पुनः अध्यापन कार्य हेतु मुझे अतिथि शिक्षक के तौर पर रखा जाये।

## 13 जुआरियों से 45 हजार बरामद, बजाग मुख्यालय में संचालित थी फड़

# भाजपा मंडल उपाध्यक्ष के घर पर जुआ फड़

डिंडोरी।

**सत्तारूढ़ भाजपा के पदाधिकारियों पर अवैध कार्यों में संलिप्त होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।ताजा मामला बजाग मुख्यालय में भाजपा उपाध्यक्ष के घर गुलजार हो रही जुआ फड़ का है।जहां पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दो अलग अलग थानों की टीम ने दबिश देकर 13 जुआरियों को गिरफ्तार किया और 45 हजार से अधिक की नगदी बरामद करने में सफलता पाई है।**

इसके साथ ही मौके से दो और चार चकिया वाहन सहित 13 नग मोबाईल जप्त किये गये हैं।मामले में कुल 5 लाख 30 हजार के मशरूका जप्त होने की जानकारी लगी है।बताया गया है कि नगदी के साथ ऑनलाइन लेनदेन भी जारी था।लेकिन तकनीकी कारणों से इसका उल्लेख नहीं किया गया है।बताया गया है कि पिछले लंबे समय संचालित इस फड़ में जुआरी गाड़ासरई और छत्तीसगढ़ से दांव लगाने पहुंचते थे,जिसकी जानकारी बजाग पुलिस को भी थी।लेकिन बजाग थाना प्रभारी ने कार्रवाई से दूरी बनाये रखी।इसकी एक बजह राजनैतिक दखलंदाजी बतलाया गया है।गौरतलब है कि यह प्रमोद साहू भाजपा मंडल उपाध्यक्ष हैं, इनके विरुद्ध पूर्व में भी सट्टा, अवैध शराब भंडारण जैसे गंभीर मामले दर्ज हो चुके हैं।लेकिन सत्ता के नशे में चूर नेता जी पार्टी के प्रभाव का दुरुपयोग करके लगातार अनैतिक कृत्यों को अंजाम देते रहे हैं।इतना ही नहीं सूत्र बतलाते हैं कि कारवाई करने वाले पुलिस कर्मियों की झूठी शिकायत करके उन्हें हटाने की साजिश भी रची जाती थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पिछले लंबे समय से आलाधिकारियों को बजाग में जुआ फड़ संचालन की शिकायत मिल रहीं थीं।जिसके मद्देनजर पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह के निर्देश पर गाड़ासरई और करंजिया पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार देर रात चाड़ा रोड पर स्थित भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद साहू के घर पर दबिश दी और बिना दबाब कार्रवाई को अंजाम दिया।इस दौरान विशेष पहलू यह रहा कि ऑपरेशन 52 की जानकारी बजाग पुलिस को भी नहीं लग पाई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा दी गई दबिश में तानसिंह उम्र 35 साल निवासी ग्राम चुनपथरी, आकाश बघेल उम्र 32 साल निवासी ग्राम बजाग, प्रमोद साहू पिता विजय कुमार साहू उम्र 49 साल निवासी बजाग, पवन कांत पिता रामभरोस खाण्डे उम्र 39 साल निवासी पडरिया डोगरी ,अवराल अलवी पिता रज्जाक अलवी उम्र 40 साल निवासी ग्राम वार्ड 07 बजाग, विक्की कुमार साहू पिता भैयालाल साहू उम्र 34 साल निवासी ग्राम बजाग राम मंदिर के पास थाना बजाग,अजीत कुमार पिता सुशील साहू उम्र 40 साल निवासी वार्ड क्र 04 बजाग,कैलाश कुमार पिता श्री सोहन दास बसंत उम्र 26 साल निवासी ग्राम बजाग रैयत,धनेन्द्र गुप्ता पिता गणेश प्रसाद गुप्ता उम्र 29 साल निवासी ग्राम लोरमी छ0ग0, प्रियादास कुर्रे पिता दउवा राम कुर्रे उम्र 38 साल निवासी ग्राम सिमरिया थाना लोरमी जिला मुंगली

## प्राथमिक शाला इमलई रैयत में टपकती

# छत के नीचे संवर रहा है भविष्य




डिंडोरी।

शिक्षा के अधिकार और स्कूलों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावों के बीच विकासखंड डिंडोरी अंतर्गत प्राथमिक शाला इमलई रैयत की स्थिति चिंताजनक है। यहां छात्र-छात्राएं टपकती छत के नीचे अपना भविष्य संवारने को मजबूर हैं। बरसात के दिनों में हालात और भी गंभीर हो जाते हैं, जब कक्षाओं के भीतर लगातार पानी टपकता रहता है। जानकारी के अनुसार, प्राथमिक शाला इमलई रैयत में कक्षा पहली से पाँचवीं तक की कक्षायें संचालित हो रही हैं। वर्तमान में विद्यालय में 15 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इतने कम बच्चों के बावजूद स्कूल में तीन शिक्षक पदस्थ हैं, जो अनुपात के मुताबिक विषम हैं। वहीं विद्यालय भवन जर्जर होने के कारण मजबूरी वष बच्चों को शिक्षा ग्रहण करना पड रहा है, क्षतिग्रस्त भवन के छत को अस्थायी रूप से त्रिपाल से ढंका गया है, जिससे बारिश का पानी टपकने से रोका जा सके लेकिन बरसात में यह प्रयास नाकाफी साबित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय भवन लंबे समय से जर्जर स्थिति में है। बच्चों को पढ़ाई के दौरान भीगने से बचाने के लिए शिक्षक और बच्चे मिलकर अस्थायी इंतजाम किये हैं। ग्रामीणों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द स्कूल भवन की मरम्मत या नया भवन उपलब्ध कराया जाए, ताकि बच्चे सुरक्षित शिक्षा प्राप्त कर सकें और उनका भविष्य खराब होने से बचाया जा सके।

## जेल में अधिवक्ताओं को नहीं मिल पा रहा उचित परामर्श कक्ष, अधिवक्ता ने जेल महानिदेशक को लिखा पत्र

डिण्डौरी।

जिला जेल डिण्डौरी में बंद आरोपियों से अधिवक्ताओं की मुलाक़ात में आ रही कठिनाइयों को लेकर अधिवक्ता सम्यक जैन ने जेल महानिदेशक सहित जिला जेलअधीक्षक को पत्र लिखकर गंभीर मुद्दा उठाया है।

अधिवक्ता द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में जेल परिसर में अधिवक्ताओं हेतु पृथक परामर्श कक्ष की व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण आरोपी और अधिवक्ता के बीच गोपनीय बातचीत संभव नहीं हो पाती। इससे मुकदमों की तैयारी और निष्पक्ष पैरवी बाधित होती है। अधिवक्ता ने सर्वोच्च न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णयों हुसेनआरा खातून बनाम बिहार राज्य तथा सुनील बत्रा बनाम दिल्ली प्रशासन का हवाला देते हुए कहा है कि प्रभावी विधिक परामर्श आरोपी का संवैधानिक अधिकार है और अनुच्छेद 21 के अंतर्गत निष्पक्ष सुनवाई की गारंटी तभी पूरी होगी जब अधिवक्ता और मुवक्किल के बीच स्वतंत्र एवं गोपनीय संवाद हो।पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि जेल में निर्धारित मुलाक़ात का समय न्यायालयीन कार्य समय से मेल खाता है। अधिवक्ता उस समय अदालत में व्यस्त रहते हैं, जिसके कारण वे अपने मुवक्किलों से मिल नहीं पाते। इस स्थिति में समय सारणी में शिथिलता अथवा विस्तार किया जाना आवश्यक है।अधिवक्ता ने जेल अधीक्षक से दो प्रमुख माँगें की हैं— अधिवक्ताओं हेतु जेल परिसर में पृथक परामर्श कक्ष की स्थापना।अधिवक्ताओं के लिए मुलाक़ात के समय में लचीलापन/विस्तार।अधिवक्ता का कहना है कि यह कदम निष्पक्ष न्याय, प्राकृतिक न्याय और विधिक सहायता के संवैधानिक अधिकार को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण होगा। पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि अधिवक्ताओं को मुवक्किलों से गोपनीय रूप से बात करने और उचित समय पर मिलने का अवसर नहीं मिलेगा तो आरोपी के मौलिक अधिकारों का हनन होगा।


प्ररूप छ - 8

(मध्य प्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम, 1962 के नियम 49 - ङ. (3) के अंतर्गत)

कार्यालय- रिटर्निंग अधिकारी, प्राथ. वनोपज सहकारी सोसाइटी मर्या. अमठेरा

क्रमांक / जिला डिण्डौरी पंजी. क्रं. 469 दिनांक - 29/09/2025

**निर्वाचन कार्यक्रम**

मध्य प्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी के आदेश क्रमांक 4285 दिनांक 12/09/25 के द्वारा मुझे प्रा. वनोपज सहकारी सोसायटी मार्यादित अमठेरा निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया संचालक मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु निम्नलिखित निर्वाचन कार्यक्रम निश्चित किया गया है जो कि है। संचालक मण्डल सोसाइटी के समस्त सदस्यों के सूचनार्थ प्रकाशित करता हूं।

| | |
|---|---|
| 1. सोसाइटी की पंजीकृत उपविधि क्रमांक 15 के अनुसार संचालक मंण्डल के लिए निर्वाचित किये जानें वालेसदस्यों की कुल संख्या 11 | ........................................... विवरण निम्नांकित है |
| (अ) सामान्य वर्ग (अनारक्षित) से 10<br>(ब) अनुसूचित जाति वर्ग से 00<br>(स) अनुसूचित जनजाति वर्ग से. 01<br>योग 11<br>टीप - जिस वर्ग में महिला आरक्षण नहीं किया गया है उसे निरंक दशार्या जावे) - | (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 03<br>(इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित -<br>(इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 01<br>योग-- 04 |
| 2. नामांकन पत्र प्रस्तुत करने का दिनांक, स्थान, समय | दिनांक 05/10/25 से ... तक समय 02:00 बजे से 4:30 बजे तक, स्थान- सोसाइटी कार्यालय अमठेरा |
| 3.नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन | दिनांक 06/10/25 को समय 01:00 से जांच पूर्ण होने तक । स्थान- सोसाइटी कार्यालय अमठेरा |
| 4. नामांकन पत्रों की वापसी का दिनांक तथा चुनाव लडने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चिन्हों का आवंटन | दिनांक 08/10/25 समय 2:00 बजे से 04:30 बजे तक स्थान स्थान - सोसाइटी कार्यालय अमठेरा |
| 5. विशेष साधारण. सम्मिलन में चुनाव (मतदान) दिनांक एवं मतगणना | दिनांक 13/10/25 समय 2:00 बजे से 04:30 बजे तक स्थान स्थान - सोसाइटी कार्यालय अमठेरा (चुनाव समाप्त होने के पश्चात एक घंटे बाद मतगणना प्रारंभ की जावेगी ।) |
| 6. रिक्त स्थानों हेतु सहयोजन | दिनांक 14/10/25 समय 2:00 बजे से 04:30 बजे तक स्थान स्थान - सोसाइटी कार्यालय अमठेरा |
| 7. अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटीओं" को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की सूचना जारी करना | दिनांक 16/10/2025 |
| 8. अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटीओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन दिनांक, समय एवं स्थान | दिनांक 23/10/2025 समय 2:00 बजे से पूर्ण होने तक स्थान - सोसाइटी कार्यालय अमठेरा |

रिटनिंग अधिकारी
प्राथ.वनोजज सहकारी सोसायटी
अमठेरा (बरगांव)


## शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेकर संबंधित पटवारी पर आवश्यक कार्यवाही के दिए निर्देश

# जन की समस्या दूर करने सख्त दिखे कलेक्टर

### प्रकरण का निराकरण नही करने पर संबंधित अधिकारी पर शास्ति अधिरोपित

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 32 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी के. के. सोनी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में ओ.पी.एम. अमलाई निवासी आवेदक जगलाल पिता चौधरी स्वीपर ने बार-बार कहे जाने के बाद भी पटवारी द्वारा नामांतरण नही किए जाने के संबंध में शिकायत लेकर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत हुए। कलेक्टर ने आवेदक की शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित पटवारी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश तहसीलदार अनूपपुर को दिए। इसी प्रकार आवेदक रमेश कुमार यादव द्वारा जनसुनवाई में समस्या का निराकरण ना मिलने के कारण पुनः जनसुनवाई में आने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारी पर पांच हजार रुपये की शास्ति अधिरोपित कर शास्ति की राशि प्रतिकर के रूप में संबंधित आवेदक को उपलब्ध कराया। जनसुनवाई में कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समस्याओं का निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में ग्राम चोई तहसील जैतहरी के प्रदुम सिंह राठौर ने उच्च शिक्षा हेतु ऋण दिलाए जाने, ग्राम पिपरिया तहसील अनूपपुर की श्रीमती मीरा प्रजापति ने पुत्री के विवाह हेतु आर्थिक सहायता दिलाए जाने, जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पथरौड़ी निवासी श्रीमती केमली बाई ने भूमि का सीमांकन कराने, ग्राम लखौरा तहसील पुष्पराजगढ़ की नम्रता श्याम ने आधार कार्ड में सुधार कराए जाने, ग्राम धनगवां पूर्वी तहसील जैतहरी के रवि कुमार बैगा ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने, वार्ड नं. 10 अनूपपुर पुरानी बस्ती के राजेश कुमार राठौर ने समग्र आईडी में सुधार कराए जाने, कोतमा के मनोज कुमार शर्मा ने एसईसीएल द्वारा भूमि अधिग्रहण करने पर रोजगार दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

### जैतहरी में स्वच्छता रैली एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज जैतहरी।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग ग्रामीण युवा केंद्र जैतहरी एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जैतहरी के संयुक्त तत्वावधान में सेवा ही स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता रैली एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों तथा विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इसमें सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात रैली का शुभारंभ आईटीआई परिसर से हुआ, जो राठौर चौक होते हुए पुनः संस्थान में समाप्त हुई। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने "स्वच्छता ही सेवा है", "हर रोग की एक दवाई, घर-घर में हो साफ-सफाई", "हमने मन में ठाना है, स्वच्छ मध्यप्रदेश बनाना है" जैसे नारे लगाए।


प्ररूप छ - 8

(मध्य प्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम, 1962 के नियम 49 - ङ. (3) के अंतर्गत)

कार्यालय- रिटर्निंग अधिकारी, प्राथ. वनोपज सहकारी सोसाइटी मर्या. बड़झर

क्रमांक / जिला डिण्डौरी पंजी. क्रं 467 दिनांक - 29/09/2025

**निर्वाचन कार्यक्रम**

मध्य प्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी के आदेश क्रमांक 4285 दिनांक 12/09/25 के द्वारा मुझे प्रा. वनोपज सहकारी सोसायटी मार्यादित बड़झर निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया संचालक मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु निम्नलिखित निर्वाचन कार्यक्रम निश्चित किया गया है जो कि है। संचालक मण्डल सोसाइटी के समस्त सदस्यों के सूचनार्थ प्रकाशित करता हूं।

| | |
|---|---|
| 1. सोसाइटी की पंजीकृत उपविधि क्रमांक 15 के अनुसार संचालक मंण्डल के लिए निर्वाचित किये जानें वालेसदस्यों की कुल संख्या 11 | ........................................... विवरण निम्नांकित है |
| (अ) सामान्य वर्ग (अनारक्षित) से 10<br>(ब) अनुसूचित जाति वर्ग से 00<br>(स) अनुसूचित जनजाति वर्ग से. 01<br>योग 11<br>टीप - जिस वर्ग में महिला आरक्षण नहीं किया गया है उसे निरंक दशार्या जावे) - | (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 03<br>(इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित -<br>(इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 01<br>योग-- 04 |
| 2. नामांकन पत्र प्रस्तुत करने का दिनांक, स्थान, समय | दिनांक 05/10/25 से ... तक समय 11:00 बजे से 1:30 बजे तक, स्थान- सोसाइटी कार्यालय बड़झर |
| 3.नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन | दिनांक 06/10/25 को समय 11:00 से जांच पूर्ण होने तक । स्थान- सोसाइटी कार्यालय बड़झर |
| 4. नामांकन पत्रों की वापसी का दिनांक तथा चुनाव लडने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चिन्हों का आवंटन | दिनांक 08/10/25 समय 11:00 बजे से 01:30 बजे तक स्थान स्थान - सोसाइटी कार्यालय बड़झर |
| 5. विशेष साधारण. सम्मिलन में चुनाव (मतदान) दिनांक एवं मतगणना | दिनांक 18/10/25 समय 10:30 बजे से 01:30 बजे तक स्थान स्थान - सोसाइटी कार्यालय बड़झर (चुनाव समाप्त होने के पश्चात एक घंटे बाद मतगणना प्रारंभ की जावेगी ।) |
| 6. रिक्त स्थानों हेतु सहयोजन | दिनांक 14/10/25 समय 11:00 बजे से 01:30 बजे तक स्थान स्थान - सोसाइटी कार्यालय बड़झर |
| 7. अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटीओं" को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की सूचना जारी करना | दिनांक 16/10/2025 |
| 8. अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटीओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन दिनांक, समय एवं स्थान | दिनांक 23/10/2025 समय 11:00 बजे से पूर्ण होने तक स्थान - सोसाइटी कार्यालय बड़झर |

रिटनिंग अधिकारी
प्राथ.वनोजज सहकारी सोसायटी
बड़झर
















न्यू कालोनी दुर्गा उत्सव समिति करकबेल



बाल दुर्गा मंडल नरसिंहपुर



चरहाई काली मंडल नरसिंहपुर



## सीएम डॉ. यादव ने गोटेगांव पहुंचकर व्यक्त की शोक संवेदना



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सोमवार को नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में वरिष्ठ समाजसेवी मुलायम सिंह पटेल के परिवार से मिलने उनके निज निवास में आगमन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, सरदार सिंह पटेल और उनके समस्त परिवार से भेंट कर पूज्य माता जी श्रीमती यशोदा पटेल के दुरूखद निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को संकट की इस घड़ी में दुरूख को सहने की असीम शक्ति प्रदान करने के लिए बाबा महाकाल से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिवंगत श्रीमती यशोदा पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, विधायक महेंद्र नागेश, रामसनेही पाठक, जबलपुर संभागायुक्त धनंजय सिंह भदौरिया, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना, डीएफओ महेंद्र सिंह उईके सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी और वरिष्ठ नागरिक मौजूद थे।

## शिवम मिश्रा आज डीडी नेशनल दिल्ली पर



**तेंदूखेड़ा ।** जनपद पंचायत चावरपाठा के लिपिक कृष्ण कुमार मिश्रा के सुपुत्र नेशनल यूथ अवार्डी शिवम मिश्रा का खेल में युवाओं की भूमिका विषय पर विशेष साक्षात्कार का प्रसारण डीडी नेशनल के कार्यक्रम डीडी मॉर्निंग शो में आज 1 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से प्रसारित किया जायेगा जिसका पुनः प्रसारण सुबह 9 बजे से डीडी भारती चैनल पर भी किया जायेगा।शिवम मिश्रा को विगत वर्ष युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उनके द्वारा किए गए पर्यावरण संरक्षण स्वच्छता अभियान वित्तीय साक्षरता जल संरक्षण के क्षेत्र में विशेष कार्य हेतु युवाओं को प्रदान किए जाने वाले सर्वोच्च राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

## सांसद श्री कुलस्ते का आगमन आज



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**. सांसद एवं सभापति एससी एसटी कल्याण संबंधी समिति फग्गन सिंह कुलस्ते मंगलवार 30 सितम्बर को जिले के प्रवास पर रहेंगे। सांसद श्री कुलस्ते अपरांह 4.30 बजे जबलपुर सर्किट हाउस से प्रस्थान कर सायं 6 बजे गोटेगांव आयेंगे। आप सायं 6.30 बजे तक गोटेगांव में प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के निज निवास में रहेंगे। इसके पश्चात सायं 6.30 बजे गोटेगांव से जेवरा जिला मंडला के लिए प्रस्थान करेंगे।

## बरगी में एक युवक द्वारा जहरीली वस्त सेवन करने से मौत



**गोटेगांव।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस थाना ठेमी निवासी युवक की जहरीली वस्तु के सेवन से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चेतराम पिता गोकल लोधी उम्र 28 वर्ष निवासी बरगी थाना ठेमी द्वारा खेत मे अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंपा।

## गांव में बने मुक्तिधाम हो रहे अव्यवस्था का शिकार



### ग्राम पंचायत की उदासीनता बन रही वजह

**गोटेगांव।** जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत के गांवों में शांतिधाम नहीं होने पर सरकारी भूमि पर जहां-तहां पर शांतिधाम का निर्माण शासन ने अवश्य कराया है। लेकिन इनके निर्माण के बाद शांति धाम में किसी प्रकार की सुविधाएं मुहैया नहीं कराई गई हैं। जिसके कारण निर्मित किए गए शांतिधामों में अव्यवस्थाएं बढ़ रहीं हैं।रहली ग्राम पंचायत के शांतिधाम में सीसी रोड का निर्माण करवाया तो वह कुछ ही दिनों में क्षतिग्रस्त हो गई है। मुरदई गांव के शांतिधाम को गांव के बहुत बाहर निर्मित किया गया है जो सड़क से दूर है। इसके बाद आगे का कोई भी कार्य उक्त स्थल पर नहीं करवाया गया है। अधिकांश शांतिधामों में किसी प्रकार की कोई पानी एवं बैठने की व्यवस्था तक नहीं है।

### अव्यवस्थाओं से प्रभावित पंचायतों के शांतिधाम

गांव स्तर पर अंतिम संस्कार करने के लिए बहुत कम संख्या में शांतिधाम होने के कारण शासन की योजना के मुताबिक ग्राम पंचायत के गांवों में शांतिधाम का निर्माण कराया गया है। इन शांतिधाम स्थल पर कई जगह पर हैंडपंप की व्यवस्था नहीं है। वहां पर बैठने के लिए पंचायत के द्वारा किसी प्रकार की कुर्सी भी नहीं रखवाई गईं है और ना ही आने जाने के लिए सीसी रोड का निर्माण कई पंचायतों में कराया गया है। सिर्फ कुछ पंचायतों ने गांव में शांतिधाम का निर्माण अवश्य करा दिया है। मगर उसके बाद उसकी ओर किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिसके कारण शांतिधाम की उपयोगिता पूरी नहीं हो पा रही है। कई जगह पर निर्मित किए गए शांतिधाम तक का उपयोग अंतिम संस्कार के लिए नहीं हो रहा है। कई शांतिधाम झाड़ियों में समा गए हैं वहां पर झाड़ियों की सफाई का कार्य तक नहीं करवाया गया है। इस स्थल पर जाने के लिए पंचायत ने सीसी रोड तक का निर्माण नहीं करवाया गया है।

## चैतन्य देवियों की मनमोहक झांकी की प्रस्तुति

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में शारदेय नवरात्रि के पावन अवसर पर चैतन्य देवियों की मनमोहक झांकी का भव्य आयोजन दिव्य संस्कार भवन नरसिंहपुर में हुआ किया जा रहा है। इस अवसर पर चैतन्य देवियों के दर्शन करने पहुंचे वरिष्ठ समाजसेवी भ्राता सुनील कोठारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बहिन श्रीमती संध्या कोठारी, वरिष्ठ समाजसेवी भ्राता डॉ अनंत दुबे, वरिष्ठ अधिवक्ता भ्राता विनय जैन, वरिष्ठ पत्रकार भ्राता विपिन वैरागी, वरिष्ठ समाज सेवी भ्राता चै. चंद्रशेखर साहू, पार्षद भ्राता आशीष राजवैद्य, सेवानिवृत्त प्राचार्य भ्राता एम एल हरदेनिया,जिला संचालिका ब्रह्माकुमारी कुसुम दीदी आदि ने देवियों की आरती एवं दीप प्रज्वलित कर देवियों की झांकी का प्रथम दर्शन कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ब्र कु



कुसुम दीदी ने कहा कि ये देवियां राजयोगिनी बाल ब्रह्मचारिणी ब्रह्माकुमारी बहिनें हैं जो वर्तमान समय में इस धरा पर अवतरित हुए परमपिता परमात्मा शिव से राजयोग ध्यान साधना के द्वारा ज्ञान गुण एवं सर्व ईश्वरीय शक्तियां ले कर जन जन को देवी गुणों से संपन्न बनाने के लिए दिव्य वरदान दे रही हैं। अतः आप सभी देवियों के दर्शन कर अपने जीवन में सुख शांति समृद्धि और स्वास्थ्य का वरदान प्राप्त करें।

## ओवर ब्रिज के नीचे मिला शव



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र करेली में ओवरब्रिज के नीचे शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। मंगलवार शाम करीब 4 बजे लोगों ने ओवरब्रिज के नीचे एक व्यक्ति को पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर करेली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष आंकी जा रही है। पुलिस ने मौके पर पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल करेली पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**नौ देवियों का स्वरूप और गरवा नृत्य को दर्शकों ने सराहा**

**तेंदूखेड़ा।** शक्ति की भक्ति का महापर्व शारदीय नवरात्रि पर्व पूरे शबाब पर है।इन नौ दिनों तक जहां श्रद्धालुओं ने अपने सामर्थ्य के अनुसार सेवा साधना की वहीं छोटे छोटे स्कूली बच्चों ने भी अपनी शैक्षणिक संस्थाओं के बैनर तले सांस्कृतिक मंचों पर अपनी प्रतिभा भी दिखाई। जिसमें व्यसन मुक्त समाज निर्माण सड़क सुरक्षा माता-पिता के प्रति आदर सम्मान और वर्तमान में घटित हो रही घटनाओं पर आधारित लघु नाटिकाएं नौ देवियों के जीवंत स्वरुपों गरवा नृत्य राजस्थानी नृत्यों ने जमकर बाहबाही बटोरी प्रतिदिन नगर की अलग अलग शैक्षणिक संस्थाओं के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है। जिसमें बच्चों के पालकों और दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी है।आज नवमी तिथि पर हवन पूजन आयोजित किए जाएंगे। तथा प्रत्येक घर में कन्या भोज पूजन कार्यक्रम चल रहा है।2 अक्टूबर को दशहरा पर्व पर विशाल चल समारोह नगर के मुख्य मार्गों से निकाला जायेगा।

## कमोद में जैन मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरी



**गोटेगांव ।** समीपवर्ती ग्राम पंचायत कमोद में विगत दिवस शुक्रवार को करीब 12 बजे के आसपास गरज चमक के साथ बारिश हुई। इसी दौरान प्राचीन देव पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय मंदिर पर तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी। जिससे जिनालय को बड़ी क्षति पहुंची है। इस दौरान जिनालय के ऊपरी हिस्से में दरारें आ गईं हैं। वहीं अंदर साइड भी बड़े आकर के होल दिखाई दे रहे है। बिजली की भयानक धमक लगने से गुम्मत का पलस्तर टूटने से बेड़ी पर विराजमान श्री देव पार्श्वनाथ सहित अनेक प्रतिमाए भी प्रभावित हुईं। उन पर धूल गिरी। बताया जाता है कि जिस वक्त यह घटना हुई उस दौरान मंदिर में कोई नहीं था। इस संदर्भ में सकल जैन समाज द्वारा पटवारी दुर्गेश चौधरी को सूचित किया गया। जैन समाज ने घटना से मंदिर को करीब एक लाख रुपए की क्षति होनी की जानकारी दी है।

**न्यायालय-श्री सुश्री कशिश कुरैशी चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड नरसिंहपुर जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)**

**// सूचना पत्र //**

प्रो.नं.-153/2025

प्रकरण आरसीएसए क्रमांक-120/2025

पेशी दिनांक-15-10-25

1. श्रीमती रत्ना ठाकुर पति राजवेन्द्र पिता गोविन्द घोसी 2. गौरव घोसी पिता गोविन्द घोसी....आवेदक

बनाम

2. आम जनता वगैरा......................अनावेदक

प्रति,

1. आम जनता नरसिंहपुर मध्यप्रदेश

दावा वास्ते गुमशुदा व्यक्ति की-सिविल डेथ घोषणा करा पाने बाबत्।

आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका क्रमांक 1 श्रीमती रत्ना ठाकुर पति राजवेन्द्र एवं आवेदक क्रमांक 2 गौरव घोसी के पिता गोविन्द सिंह ठाकुर (घोसी) पिता स्वर्गीय मिहिलाल सिंह जो कोसमखेड़, कोसंखेदा जिला नरसिंहपुर के स्थाई निवासी थे, जो कि दिनांक 09.08.2006 से लगभग 20 वर्षो से अपने निज निवास कोसमखेड़ा खेरे हार से लापता हो गये थे जिनको खोजने के लिए आवेदकगणों ने एवं अन्य रिश्तेदारो के द्वारा काफी प्रयास किया गया परंतु आज दिनांक तक गोविन्द सिंह ठाकुर (घोसी) पिता स्वर्गीय मिहिलाल सिंह का कोई पता नहीं चल सका है। इस कारण आवेदकगणों के द्वारा इस न्यायालय में अपने गुमशुदा पिता गोविन्द सिंह ठाकुर (घोसी) पिता स्वर्गीय मिहिलाल सिंह की सिविल डेथ हो जाने की घोषणा करा पाने हेतु इस न्यायालय में यह वाद प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझाता हो अथवा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15.10.2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सूनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यदि उक्त पेशी दिनांक 15.10.2025 को कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य दिवस स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस में की जावेगी ।

आज दिनांक 22/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से निर्गमित किया गया।

मुहर (सुश्री कशिश कुरैशी)

चतुर्थ व्यव. न्याया. कनिष्ठ खण्ड, नरसिंहपुर